पंजीकृत संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2012–14
(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–13] रुड़की, शनिवार, दिनांक 20 अक्टूबर, 2012 ई0 (आश्विन 28, 1934 शक सम्वत्) [संख्या–42

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	599–632	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	1327–1329	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़–पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	–	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़–पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

चिकित्सा अनुभाग–3

अधिसूचना
नियुक्ति

18 सितम्बर, 2012 ई0

संख्या 124(1)/XXVIII–3–2012–74/2007–श्री राज्यपाल महोदय, अधिसूचना संख्या 1134/XXVIII–3–2011–104/2010, दिनांक 08.11.2011 एवं संख्या 1135/XXVIII–3–2011–104/2010, दिनांक 08.11.2011 तथा कार्यालय–ज्ञाप संख्या 1132/XXVIII–3–2011–104/2010, दिनांक 08.11.2011 का अधिक्रमण करते हुये औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 23, वर्ष 1940) की धारा 21 सपठित साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 10, वर्ष 1897) की धारा–21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली, 1945 के नियम 69, 75–क, 85–ख, 90, 122–च, 138 तथा 150–ख के क्रम में उक्त नियमावली के भाग–सात, सात–क, आठ, दस–ख, चौदह तथा पन्द्रह (क) के प्रयोजनार्थ डा0 सुरेश चन्द्र शर्मा, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक, जो कि नियमावली के नियम 49–क तथा 50–क में विहित अर्हता रखते हैं, को अग्रिम आदेशों तक के लिये सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य हेतु उनके पद के अतिरिक्त औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं नियंत्रक प्राधिकारी नियुक्त करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

महामहिम राज्यपाल, यह भी घोषणा करते है कि डा0 शर्मा का औषधि अथवा प्रसाधन सामग्री के आयात, विनिर्माण अथवा बिक्री में कोई वित्तीय हित समाहित नहीं है और एतद्द्वारा नियुक्त प्राधिकारी भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अर्थान्वयन में लोक सेवक समझे जायेंगे।

आज्ञा से,

डा0 रणवीर सिंह,
प्रमुख सचिव।

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग

अधिसूचना

25 सितम्बर, 2012 ई0

संख्या 908/XLI–1/2012–52/2005–"सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005" (2005 का अधिनियम संख्या–22) की धारा 5(1) एवं धारा 19 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल महोदय, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन हेतु निम्नांकित लोक प्राधिकारी इकाई के सम्मुख अंकित सहायक लोक सूचना अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी को अधिसूचित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

लोक प्राधिकारी इकाई का नाम	सहायक लोक सूचना अधिकारी	लोक सूचना अधिकारी	विभागीय अपीलीय अधिकारी
प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन	अनुभाग अधिकारी, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन	अनुसचिव, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन	अपर सचिव, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन

2. उपर्युक्त नामित किये गये सहायक लोक सूचना अधिकारी/लोक सूचना अधिकारी/विभागीय अपीलीय अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में उल्लिखित कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन के लिए पूर्णरूप से जिम्मेदार होंगे एवं इस कार्य हेतु उन्हें कोई अतिरिक्त वेतन/भत्ता देय नहीं होगा।

3. इस सम्बन्ध में पूर्व निर्गत समस्त शासनादेश स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।

आज्ञा से,

राकेश शर्मा,
प्रमुख सचिव।

संख्या 560/XXVI/दो(15)/2011

प्रेषक,

एस0 रामास्वामी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

2. समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

नियोजन अनुभाग–2 देहरादून, दिनांक 26 सितम्बर, 2012

विषय–उत्तराखण्ड लोक निजी सहभागिता (पीपीपी) नीति–2012 का प्रख्यापन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक में यह निर्णीत हुआ है कि उत्तराखण्ड लोक निजी सहभागिता नीति–2012 में संशोधन कर नीति के प्रस्तर–1.5.1 में उल्लिखित क्षेत्रों में पर्यटन को भी सम्मिलित कर लिया गया है।

2. कृपया उक्त संलग्न उत्तराखण्ड लोक निजी सहभागिता नीति–2012 के अनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

3. उक्त विषयक पूर्व में निर्गत शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझे जायें।

एस0 रामास्वामी,
प्रमुख सचिव।

सामान्य प्रशासन विभाग

विज्ञप्ति/विविध

21 सितम्बर, 2012 ई0

संख्या 3012/XXXi (13)/G/2012–निगोशियेबल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 (1881 का एक्ट संख्या–26) की धारा 25 द्वारा प्राप्त उन अधिकारों का प्रयोग करते हुये, जिन्हें भारत सरकार की विज्ञप्ति संख्या 20/5–56–पब–2, दिनांक 08 जून, 1957 के अनुसार राज्य सरकार प्रयोग में ला सकती है, के तहत, भारत निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट संख्या ECI/PIN/65/2012, दिनांक 05 सितम्बर, 2012 के अनुसार 01–टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोक सभा के लिए उप निर्वाचन, 2012 हेतु दिनांक 10 अक्टूबर, 2012 (बुधवार) को सम्पन्न होने वाले मतदान हेतु 01–टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद–टिहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी तथा देहरादून में स्थित समस्त अविरल प्रक्रिया संस्थानों (उद्योगों), समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों/अर्द्धनिकायों, कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत कार्यरत कारीगरों/मजदूरों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों में कार्यरत कारीगरों/मजदूरों हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित मतदान तिथि 10 अक्टूबर, 2012 (बुधवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। उक्त तिथि को निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त उप कोषागार तथा कोषागार भी बन्द रहेंगे।

आज्ञा से,

सुरेन्द्र सिंह रावत,
सचिव।

संख्या 1171/XXIV–3/12/02(01)11

प्रेषक,

मनीषा पंवार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3 देहरादून, दिनांक 24 सितम्बर, 2012

विषय–राज्य के पाँच जनपदों उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, ऊधमसिंह नगर एवं बागेश्वर में राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों का निर्माण एवं संचालन लोक निजी सहभागिता (Public Private Partnership Mode) में किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक/रा0गां0न0वि0/18187/2011–12, दिनांक 24 जून, 2011 व पत्रांक/श्या0प्र0मु0अ0वि0/56262, दिनांक 18 अक्टूबर, 2011 एवं पत्रांक/श्या0प्र0मु0अ0वि0/61470, दिनांक 09 नवम्बर, 2011 तथा पत्रांक/श्या0प्र0मु0अ0वि0/64480, दिनांक 26 नवम्बर, 2011 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य के प्रत्येक जनपद के निर्बल एवं गरीब तथा प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों के पैटर्न पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की स्थापना किये जाने की राज्य सरकार की संकल्पना के दृष्टिगत राज्य में तत्समय 08 राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की स्थापना की गयी थी। राज्य के जिन जनपदों में तत्समय राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की स्थापना नहीं हो पायी थी, उन 05 जनपदों उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, ऊधमसिंह नगर एवं बागेश्वर में इन विद्यालयों को श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव आवासीय विद्यालय के नाम से संचालित किया गया है। राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा पूर्ण कराया जा रहा है, किन्तु श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों के भवनों का निर्माण नहीं होने से इन विद्यालयों का संचालन अन्यत्र राजकीय विद्यालयों में करना पड़ रहा है। इन 05 विद्यालयों को जिन राजकीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है उन विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में कक्षा–कक्ष व आवास न होने से कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उक्त के अतिरिक्त इन विद्यालयों की मॉनिटरिंग हेतु भी अलग से कोई व्यवस्था वर्तमान में नहीं है। विद्यालयों का आवासीय स्वरूप होने के कारण तथा इनकी आवश्यकताएं, पाठ्यक्रम, शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियां भिन्न होने के फलस्वरूप निदेशालय/मण्डल/जिला स्तर पर इन विद्यालयों के संचालन में कठिनाइयां आ रही हैं। अतः दीवारीखोल बनचोरा (उत्तरकाशी), सुमाडी भरदार (रुद्रप्रयाग), सलियाणा गैरसैण (चमोली), अमसरकोट (बागेश्वर) एवं तुमडिया रेविन्स जसपुर (ऊधमसिंहनगर), श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव आवासीय विद्यालयों का नाम राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिवर्तित करते हुए इन विद्यालयों में इण्टर स्तर पर कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने हेतु इन विद्यालयों को लोक निजी सहभागिता (Public Private Partnership Mode) के अन्तर्गत इन विद्यालयों का निर्माण, संचालन एवं अनुश्रवण सुचारू व सुव्यवस्थित ढंग से निम्नवत् संपादित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(अ) लोक निजी सहभागिता के अन्तर्गत संचालित किये जाने वाले इन विद्यालयों को निम्नवत् चिन्हित किया गया है:–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	स्थान	प्रत्येक विद्यालय हेतु अधिकतम छात्र संख्या	सरकारी छात्रों की कम से कम आरक्षित संख्या
01	उत्तरकाशी	दीवारीखोल बनचोरा	420	210
02	रुद्रप्रयाग	सुमाड़ी भरदार	420	210
03	चमोली	सलियाणा गैरसैण	420	210
04	बागेश्वर	अमसरकोट	420	210
05	ऊधमसिंह नगर	तुमड़िया रेविन्स जसपुर	840	420

उपरोक्त विद्यालयों में से गैरसैंण (चमोली) के विद्यालय हेतु उत्तराखण्ड अवस्थापना विकास एवं निर्माण निगम लि0 को योजना की DPR (Detailed Project Report) बनाये जाने हेतु 30.00 लाख की धनराशि शासन द्वारा पूर्व में स्वीकृत की गयी थी। इस कारण लोक निजी सहभागी को गैरसैंण, चमोली विद्यालय के निर्माण हेतु योजना की कुल लागत के सापेक्ष प्रदान की जाने वाली धनराशि में से 30.00 लाख की धनराशि कम करते हुए इस विद्यालय के लिए धनराशि प्रदान की जायेगी।

(ब) **प्रस्तावित ढाँचा (The Proposed Project Structure)**:

राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों का निर्माण एवं संचालन लोक निजी साझेदार/प्राईवेट पार्टनर द्वारा 30 वर्ष के लिए किया जायेगा, जिसमें 2 वर्ष की अवधि विद्यालयों के भवनों के निर्माण कार्य हेतु तथा 28 वर्ष की अवधि विद्यालयों के संचालन के लिए निर्धारित रहेगी। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली तथा बागेश्वर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में अधिकतम छात्र/छात्राओं की संख्या 420 होगी तथा ऊधमसिंह नगर के विद्यालय हेतु छात्र/छात्राओं की अधिकतम संख्या 840 होगी। राज्य सरकार द्वारा प्राईवेट पार्टनर को अधिकार/रियायत (Concession) जिसमें भूमि को बंधक पर रखे जाने एवं लीज पर दिये जाने का अधिकार सम्मिलित नहीं है, के तहत निःशुल्क भूमि अनुज्ञा एवं अनुज्ञप्ति (leave and licence) पर उपलब्ध करायी जायेगी परन्तु भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार का ही रहेगा। उक्त 30 वर्ष की अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् लोक निजी सहभागी/प्राईवेट पार्टनर द्वारा इन विद्यालयों की भूमि/भवन एवं अन्य परिसम्पत्तियां राज्य सरकार को रियायत अनुबन्ध (Concession Agreement) की संगत धारा के अनुरूप पूर्णरूप से हस्तान्तरित किये जायेंगे। लोक निजी सहभागी द्वारा सी0बी0एस0ई0 मानकों के आधार पर विद्यालय संचालित किये जायेंगे तथा उत्तराखण्ड राज्य के छात्रों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी जिसका स्वरूप निम्नवत् होगाः–

क्र0 सं0	व्योरा	विवरण	
1.	लोक निजी सहभागिता प्रणाली	निर्माण कार्य/संचालन/हस्तान्तरण (BOT)	
2.	अवधि	30 वर्ष	
3.	अधिकार/रियायत (Concession) की प्रकृति	(a) सरकार भूमि अधिकार/रियायत (Concession) के तहत अनुज्ञा एवं अनुज्ञप्ति (leave and licence) पर उपलब्ध करायेगी। (b) प्रति राज्य उपलब्ध कोष की अवभिन्नता। (c) राजस्व बजट प्रति सरकारी प्रायोजित छात्र। (d) वास्तविक मूल्य प्रतिमाह प्रति छात्र खुली निविदा के द्वारा। (e) प्रत्येक 02 वर्षों में 10 प्रतिशत वृद्धि।	
4.	परिषदीय सम्बद्धता	केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (सी0बी0एस0ई0)	
5.	विद्यालय का प्रकार	आवासीय इण्टर स्तर (कक्षा 6 से 12)	
6.	छात्र अनुपात	50 प्रतिशत सरकारी	50 प्रतिशत सरकार द्वारा चयनित/प्रायोजित
		50 प्रतिशत गैर सरकारी	50 प्रतिशत गैर सरकारी साझेदार द्वारा चयनित/प्रायोजित
7.	शुल्क नियम	सरकारी	सरकार द्वारा प्रायोजित विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा
		गैर सरकारी साझेदार	बाजार दर के आधार पर शुल्क ले सकेंगे।

2. **प्राईवेट पार्टनर/साझेदार की भूमिका (Role of PPP Partner)** :

(क) विद्यालयों का निर्माण, डिजाईन, वित्त, विनिर्माण, परिचालन एवं प्रोजेक्ट सुविधाओं का अनुरक्षण करना।

(ख) लोक निजी सहभागी/प्राईवेट पार्टनर द्वारा विद्यालय भवन के विकास हेतु कम से कम जवाहर नवोदय विद्यालयों के मानकों/नियमों के अनुरूप मानकों/नियमों को लागू करने हेतु बाध्य होंगे तथापि प्राईवेट पार्टनर/साझेदार भवन विकास हेतु उच्चतर विशिष्टियों को अपनाने हेतु भी स्वतंत्र होंगे।

(ग) कक्षा 12 तक के विद्यालय की सम्बद्धता सी0बी0एस0ई0 से प्राप्त करना व प्रतिधारण करना।

(घ) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षण परिषद् (एन0सी0टी0ई0) के अनुपालनीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित योग्यता प्राप्त (अर्ह) प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी नियुक्त करना एवं प्रतिधारण करना। प्राईवेट पार्टनर द्वारा शिक्षकों की तैनाती छात्र–अध्यापक अनुपात (1:30) के आधार पर की जायेगी।

(ङ) सभी विद्यार्थियों के रिकॉर्डस का रख–रखाव, नामांकन तथा प्रत्येक शैक्षिक सत्र में प्रत्येक विद्यार्थी का नामांकन एवं प्रदर्शन स्तर के रिकॉर्ड का रख–रखाव करना होगा।

(च) विद्यालय परिसर के शैक्षिक, आवासीय एवं प्रशासनिक खण्ड को परिचालित एवं अनुरक्षित करना।

(छ) सभी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त आवास एवं भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराना।

(ज) उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा, 95 प्रतिशत सफलता दर से उपलब्ध कराना।

(झ) सभी नियमबद्ध/वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन करना।

(ञ) प्रोजेक्ट अवसंरचना के अप्राधिकृत प्रयोग को निषेध करना।

(ट) समय–समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

3. **विद्यालयी शिक्षा विभाग की भूमिका (Role of Department of School Education)** :

(क) निविदा दस्तावेज जारी करना, पारदर्शी निविदा संचालन (बोली) सुनिश्चित करवाना तथा निजी सहभागी साझेदार का चयन करना।

(ख) निजी सहभागी के साथ अनुबन्ध करवाना।

(ग) पूँजी एवं राजस्व अनुदान हेतु बजट में प्रावधान करवाना।

(घ) लेखा परीक्षण एवं अनुश्रवण।

(ङ) अनुबन्ध प्रबन्धन।

(च) जागरूकता।

4. **सरकार द्वारा प्रायोजित विद्यार्थियों को सुविधाएं (Facilities to Government Sponsored Students)** :

निजी सहभागी द्वारा विद्यालय में सुविधाएं उपलब्ध कराना, सरकार द्वारा प्रायोजित निम्नलिखित निःशुल्क सुविधाओं के साथ उपलब्ध कराना:–

(i) कक्षा 6 से 12वीं तक विद्यालयी शिक्षा निःशुल्क।

(ii) आवास तथा भोजन एवं दैनिक उपयोग की सुविधाएं।

(iii) ग्रीष्म एवं शीतकालीन विद्यालयी गणवेश/वर्दी/यूनिफार्म के दो सैट उपलब्ध कराना।

(iv) पाठ्य–पुस्तकें।

(V) क्रीड़ा, पुस्तकालय, शैक्षिक भ्रमण एवं अन्य सम्बद्ध क्रियाकलापों की सुविधाओं का उपयोग।

5. **मुख्य जोखिम मूल्यांकन (Major Risk Assessment)** :

(क) जोखिम विवरण (Risk Details)–सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता उप नियमों के तहत विद्यालय का किसी भी प्रकार से सम्पत्ति हस्तान्तरण किसी एक समिति/प्रबन्धक ट्रस्ट के द्वारा किसी अन्य समिति/प्रबन्धकीय ट्रस्ट को अनुबन्ध एवं विक्रय प्रपत्र के लिए अनुमन्य नहीं होगी। यदि ऐसा स्पष्टतया या निहितार्थ पाया जाता है तो राज्य सरकार को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से तत्काल प्रभाव से सम्बद्धता समाप्त कराने का अधिकार प्राप्त होगा। यदि सरकार या निजी क्षेत्र के सहभागी के कार्य सम्पादन में (Event of default) की स्थिति अथवा किसी चूक के कारण किसी भी पक्ष द्वारा अनुबन्ध समाप्त किया जाता है तो सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता निरस्त होने की दशा में इस जोखिम को कम करने के लिए अनुबन्ध में

प्राविधान किये गये जो कि निम्न प्रस्तर–ख में उल्लिखित है :–

(ख) जोखिम नियंत्रण (Risk Control) :

(i) निजी सहभागी/साझेदार द्वारा विद्यालय की सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता एक Special Purpose Vehicle (SPV) के नाम पर ली जायेगी।

(ii) विद्यालयी शिक्षा विभाग अहस्तान्तरणीय (Golden Share) अपने पास Special Purpose Vehicle (SPV) के अधिकार स्वरूप रखेगा।

(iii) यदि निजी सहभागी/साझेदार ही अपनी जिम्मेदारी को वापस लेता है तो विद्यालयी शिक्षा विभाग (DOSE) को सभी अधिकार स्वयं ही हस्तान्तरित हो जायेंगे।

(iv) विद्यालयी शिक्षा विभाग समाप्ति पर भुगतान अग्रलिखित बिन्दु संख्याः 6 में उल्लिखित विवरण के अनुसार करेगा।

(v) पर्यावसान के कारण विद्यालय शिक्षा विभाग नवीन गैर सरकारी साझेदार को नए नियमों व दशाओं के अनुरूप प्रतिस्थापित करेगा।

6. **पर्यावसान भुगतान (Termination Payments)** :

(अ) लोक निजी सहभागी की कार्य सम्पादन में चूक के कारण पर्यावसान भुगतान (Termination Payments on account of PPP Partner Event of Default):

1. निम्न का अवमूल्यित निर्धारित लागत का 50 प्रतिशत जैसा कि एक प्रतिष्ठित मूल्यांकनकर्ता विशेषज्ञ के द्वारा निर्धारित :–

(क) वास्तविक सम्पत्ति अथवा अचल सम्पत्ति जिसे प्राधिकरण लेना चाहें।

(ख) चल सम्पत्ति जिसे प्राधिकरण लेना चाहें।

(ग) निजी क्षेत्र/अनुदानग्राही द्वारा अनुबन्ध की शर्तों के अधीन सरकार/विभाग को देय धनराशि घटाकर।

2. वित्तीय अनुबन्ध के अन्तर्गत कुल परियोजना लागत की धनराशि के सापेक्ष में देय कर्ज की राशि।

(ब) विद्यालयी शिक्षा विभाग की कार्य सम्पादन में चूक के कारण–पर्यावसान भुगतान (Termination Payments on account of DOSE Event of Default) :

(क) बकाया ऋण;

(ख) प्रतिष्ठित मूल्याँकनकर्ता के द्वारा निर्धारित विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित निजी क्षेत्र निवेशित धन का उचित बाजार मूल्य (निजी क्षेत्र द्वारा सरकार/विभाग को देय धनराशि घटाकर)।

7. **अनुदान–संरचना (Grant Structure)** :

(1) उत्तराखण्ड अवस्थापना व्यवहार्यता अनुदान योजना (Viability Gap Funding Scheme) :

(क) इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता राशि (व्यवहार्यता अनुदान) को पूंजी अनुदान राशि (Capital Grant) के रूप में निर्माण की अवधि में दिया जायेगा। इस राशि का निर्धारण निविदा में प्राप्त निम्नतम् बोली के आधार पर होगा, जोकि अधिकतम सीमा (योजना के पूंजी व्यय का 50 प्रतिशत पर्वतीय और 33 प्रतिशत मैदानी) तक ही मान्य होगी।

(ख) उत्तराखण्ड अवस्थापना व्यवहार्यता अनुदान योजना के अन्तर्गत प्रति स्कूल व्यवहार्यता अनुदान की सीमा निम्नवत् होगीः–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	स्थान	व्यवहार्यता अनुदान	कुल योजना लागत (रु0 करोड़ में)
01	उत्तरकाशी	दिवारीखोल बनचौरा	50 प्रतिशत योजना लागत	13.35 प्रति योजना
02	रुद्रप्रयाग	सुमाड़ी भरदार	50 प्रतिशत योजना लागत	
03	चमोली	सलियाना गैरसैंण	50 प्रतिशत योजना लागत	
04	बागेश्वर	अमसरकोट	50 प्रतिशत योजना लागत	
05	ऊधमसिंह नगर	तुमड़िया रेविन्स, जसपुर	33 प्रतिशत योजना लागत	20.35 प्रति योजना

व्यवहार्यता अनुदान भुगतान के प्रयोजन हेतु वास्तविक परियोजना की लागत की गणना उत्तराखण्ड व्यवहार्यता अनुदान कोष, 2008 के प्राविधानों के अनुसार की जायेगी।

(2) परिचालन अनुदान (Operating Grant) :

(i) निविदादाता निविदा में सरकार द्वारा प्रायोजित विद्यार्थियों के लिए प्रति छात्र प्रति वर्ष राशि की निविदा देगा। इस राशि को प्रति दो वर्ष में 10 प्रतिशत से बढ़ाने की व्यवस्था दी जायेगी।

(ii) सरकार द्वारा वास्तविक परिचालन अनुदान त्रैमासिक आधार पर भुगतान किया जायेगा।

(3) धन मूल्य का वास्तविक लाभ (Value for Money) :

(i) योजना को लोक निजी सहभागिता में संचालन करने से सरकार को हुई कुल बचत के वर्तमान मूल्य योजना का धन मूल्य (VfM) होगा।

(ii) यदि राज्य सरकार योजना का निर्माण, अनुरक्षण, संचालन (2 वर्ष निर्माण 28 वर्ष संचालन) स्वयं करती है तो योजना की कुल लागत का वर्तमान मूल्य सार्वजनिक क्षेत्र संतुलक (Public Sector Comparator-PSC) कहलाता है। इसके आधार पर राज्य सरकार को निम्नवत् बचत होगीः—

सार्वजनिक क्षेत्र संतुलक एवं धन मूल्य (PSC and Value-For-Money) :

विवरण		राज्य सरकार द्वारा (पीएससी)	लोक निजी सहभागी द्वारा (पीपीपी)	बचत	राज्य सरकार द्वारा (पीएससी)	लोक निजी सहभागी द्वारा द्वारा (पीपीपी)	बचत
		840 छात्र/छात्रायें			420 छात्र/छात्रायें		
पूंजी							
पूंजी लागत		20.35			13.35		
उत्तराखण्ड अवस्थापना व्यवहार्यता अनुदान योजना			6.71			6.67	
योग		20.35	6.71	13.63	13.35	6.67	6.67
संचालित अनुदान							
संचालन और प्रबन्धन लागत		58.58		58.58	31.88		31.88
संचालन लागत			29.06	—29.06		16.17	—16.17
योग		58.58	29.06	29.52	31.88	16.17	15.71
जोखिम							
योजना की लागत बढ़ने से पुनरीक्षित लागत	10%	2.03		2.03	1.33		1.33
कुल वर्तमान लागत		80.96	35.77	45.19	46.56	22.84	23.72

8. **अन्य शर्तें** :

(i) अनुबन्ध की सयम सीमा 30 वर्षों के बाद Private Partner से अनुबन्ध का पुनः नवीनीकरण करना होगा या सृजित परिसम्पत्तियां स्वतः राज्य सरकार में निहीत हो जायेंगी।

(ii) Viability gap funding के लिए परिव्यय/बजट की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए प्र0वि0 को वार्षिक योजनाओं में इसकी व्यवस्था करनी होगी।

(iii) पूँजीगत एवं राजस्व व्यय निजी पार्टनर द्वारा वहन किया जाना तथा राज्य सरकार की वित्तीय सहभागिता राज्य सरकार द्वारा sponsored छात्रों से सम्बन्धित व्यय की प्रतिपूर्ति तक सीमित रखा जाना होगा।

(iv) गुणवत्त शिक्षा व सुविधाओं की सुनिश्चितता हेतु अनुश्रवण प्रणाली भी विकसित की जानी होगी।

(v) उपर्युक्त के अतिरिक्त पीपीपी के सर्वमान्य मानकों के अनुसार ही एक पारदर्शी एवं प्रत्यक्षदर्शी प्रक्रिया के अनुसार परियोजना आवंटित एवं संचालित की जायेगी।

(vi) अनुबन्ध में मुख्यतः राज्य सरकार द्वारा प्रतिछात्र शुल्क प्रतिपूर्ति एवं निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जानी है, जबकि प्राईवेट द्वारा भवन निर्माण, अध्यापकों की पूर्ति एवं अन्य आवासीय एवं प्रबन्धकीय व्यवस्थायें की जायेंगी। संस्था द्वारा पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत BOT Model (Built Operate Transfer) में काम करेंगी।

(vii) सरकार द्वारा प्राईवेट पार्टनर त्रैमासिक आधार पर भुगतान किया जायेगा। भुगतान प्रति छात्र निर्धारित लागत के आधार पर किया जायेगा जिसमें 02 वर्ष में 10 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
मनीषा पंवार,
सचिव।

वित्त अनुभाग–9

अधिसूचना

27 सितम्बर, 2012 ई0

संख्या 505/2012/XXVII(9)/स्टाम्प–42/2008–श्री राज्यपाल महोदय, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 74 तथा 75 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) नियमावली, 2011 में अग्रेतर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियम बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) (संशोधन) नियमावली, 2012

1. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ–(1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) (संशोधन) नियमावली, 2012 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2. नियम 20 का संशोधन–उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) नियमावली, 2011 (जिसे यहां आगे मूल नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम 20 के शीर्षक सहित उपनियम (1) एवं उपनियम (3) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये शीर्षक सहित उपनियम रख दिये जायेंगे, अर्थात्:–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
20. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण बट्टे की धनराशि को कम करके स्टाम्प शुल्क को अगले कार्य दिवस में सरकारी खाता में प्रेषित करेगा–	20. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण स्टाम्प शुल्क को संग्रहण की तिथि से अगले दो कार्यदिवसों में सरकारी खाता में प्रेषित करेगा–
(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अपने कार्यालयों/शाखाओं और अपने संग्रह केन्द्रों द्वारा संकलित स्टाम्प शुल्क की धनराशि को अनुबन्ध में यथा सुनिश्चित, बट्टे की धनराशि को कम करके स्टाम्प शुल्क के संग्रह के दिन से दो दिन की अवधि के अन्दर, जैसा कि अनुबन्ध में पारस्परिक रूप से सहमत हो, राज्य के कोषागार लेखा	(1) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अपने कार्यालयों/शाखाओं और अपने संग्रह केन्द्रों द्वारा संकलित स्टाम्प शुल्क की धनराशि को अनुबन्ध में यथा सुनिश्चित, स्टाम्प शुल्क की धनराशि को स्टाम्प शुल्क के संग्रह के दिन से दो दिन की अवधि के अन्दर, जैसा कि अनुबन्ध में पारस्परिक रूप से सहमत हो, राज्य के कोषागार लेखा

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
शीर्षक "0030 स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क–02 स्टाम्प न्यायिकेतर" में प्रेषण के लिए दायी होगा।	शीर्षक "0030 स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क–02 स्टाम्प न्यायिकेतर" में प्रेषण के लिए दायी होगा।
(3) उपनियम (1) के अधीन उल्लिखित धनराशियों का प्रेषण, सम्बन्धित कोषाधिकारी को सूचित करते हुए, भारतीय स्टेट बैंक/एजेन्सी बैंकर के सरकारी व्यापार शाखाओं में नियुक्ति प्रधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में प्रेषित किया जायेगा।	(3) उपनियम (1) के अधीन उल्लिखित धनराशियों का प्रेषण, कोषाधिकारी साईबर ट्रेजरी, देहरादून को सूचित करते हुए, भारतीय स्टेट बैंक/एजेन्सी बैंकर के सरकारी व्यापार शाखाओं में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में प्रेषित किया जायेगा।

3. प्रारूप–1 का संशोधन–मूल नियमावली के नियम 6 के उपनियम (1) में प्रकल्पित प्रारूप–1 (अनुबन्ध) के स्थान पर निम्नलिखित प्रारूप–1 (संशोधित) रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

प्रारूप–1 (संशोधित)

[देखें नियम–6(1)]

अनुबन्ध

यह अनुबन्ध ..... माह सन् 20..... के ..... वें दिन,

उत्तराखण्ड के राज्यपाल, जिनका प्रतिनिधित्व, प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून है, द्वारा किया गया है (जो, एतद्पश्चात् "राज्य" अथवा "सरकार" जैसी भी स्थिति हो, के रूप में निर्दिष्ट है) ..... प्रथम पक्ष

एवं

(..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण का नाम .....), जिनका पंजीकृत कार्यालय ..... एवं शाखा कार्यालय ..... में स्थित है, द्वारा श्री ..... (जिसे एतद्पश्चात् केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण कहा गया है, जिसकी अभिव्यक्ति में उसके उत्तराधिकारी एवं समनुदेशिती व प्रतिनिधि शामिल हैं) ..... द्वितीय पक्ष, के मध्य किया गया है।

"राज्य" अथवा "सरकार" तथा केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण सम्मिलित रूप से "पक्षकारों" एवं उनमें से कोई एक "पक्षकार" विनिर्दिष्ट है।

जबकि, भारत सरकार के पत्र एफ0 संख्या 16–1–2004 CY-1, दिनांक 28 दिसम्बर, 2005 में वर्णित निर्देशानुसार, कम्प्यूटरीकृत स्टाम्प शुल्क प्रशासन प्रणाली के लिए और स्टाम्प शुल्क के संग्रह की इलेक्ट्रॉनिक विधि के यन्त्रीकरण को योजनाबद्ध करने हेतु सम्यक् नीलामी–प्रक्रिया के पश्चात् (..... कम्पनी का नाम.....) का चयन केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण ..... (केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण) के रूप में कार्य करने हेतु किया गया।

और जबकि, भारत सरकार वित्त मन्त्रालय, आर्थिक–कार्य–कलाप–विभाग ने उक्त पत्र में केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को, ई–स्टाम्पिंग यन्त्रीकरण के माध्यम से संग्रहीत स्टाम्प शुल्क के मूल्य के 0.65 प्रतिशत के संदाय के विरूद्ध राज्यों में विभिन्न सेवाओं के दायित्व को ग्रहण करने के लिए भी अधिकृत किया है।

और जबकि, कथित अधिसूचना के अनुसरण में (..... कम्पनी का नाम .....) ने राज्य में ई–स्टाम्पिंग यन्त्रीकरण के क्रियान्वयन हेतु सरकार से सम्पर्क स्थापित किया है।

और जबकि, राज्य ने ..... (केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण कम्पनी का नाम) ..... को, अनुबन्ध में विनिर्दिष्ट निबंधनों एवं शर्तों पर राज्य में, प्रस्तावित सी–एस0डी0ए0एस0 के लिए सरकारी सूचना दिनांक ..... के द्वारा अपना केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अनुमोदित एवं अधिकृत किया है।

और जबकि, ... (केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण कम्पनी का नाम) ..... एक प्रणाली का विकास करेगी जो ग्राहक/अन्तिम उपयोक्ता द्वारा इन्टरनेट के माध्यम से स्वयं अथवा राज्य के पूर्वानुमोदन से, प्राधिकृत मध्यवर्तियों, जिन्हें एतद्पश्चात् प्राधिकृत संग्रह केन्द्रों कहा गया है, के माध्यम से स्टाम्प शुल्क को संदाय करने की अनुज्ञा देगी।

सम्प्रति, एतद्द्वारा, पक्षकारों के मध्य उनके द्वारा निम्नवत् अनुबन्ध किया जाता हैः–

1. ..... (कम्पनी का नाम) ..... की केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्तिः–

1.1. राज्य, एतद्द्वारा निम्नलिखित कार्यों के दायित्व के निर्वहन के लिए अपने अनन्य प्राधिकृत केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में (कम्पनी का नाम) ..... को नियुक्त करता हैः–

(1) आवश्यकता के अनुसार, अवस्थापन, हार्डवेयर और साफ्टवेयर तथा ई–स्टाम्पिंग परियोजना पर इसके प्रयोगों को सुगम बनाने के लिए संयोजन को तैयार करना।

(2) ई–स्टाम्पिंग एवं स्टाम्प शुल्क के संग्रह के लिए अनुमोदित मध्यवर्तियों के चयन को सुगम बनाना।

(3) महानिरीक्षक निबन्धन/स्टाम्प आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय, उप महानिरीक्षक, निबन्धन, सहायक महानिरीक्षक, निबन्धन, उप निबन्धकों एवं जिला निबन्धकों तथा अनुमोदित मध्यवर्तियों के कार्यालयों के मध्य समन्वयक के रूप में कार्य करना।

(4) कम्प्यूटर प्रणालियों से धनराशि–संग्रह कराना तथा ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्रों को उत्पन्न करना।

(5) खातों के समाधान के पश्चात् स्टाम्प शुल्क की संग्रहीत धनराशि के प्रेषणों को राज्य के पक्ष में प्रभावी बनाना।

1.2. पक्षकार पारस्परिक सहमति से, नियुक्ति के किसी भी क्षेत्र को उपान्तरित कर सकते हैं या वापस ले सकते हैं अथवा उसमें राज्य की लोक–नीति एवं व्यापार की अत्यावश्यकताओं पर आधारित किन्हीं परिवर्तनों को कर सकते हैं।

2. क्षेत्र–इस अनुबन्ध के अन्तर्गत आच्छादित क्षेत्र सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य होगा।

3. अनुमोदित मध्यवर्तियों अर्थात् प्राधिकृत संग्रह–केन्द्रों की नियुक्ति–

3.1. (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) अनुमोदित मध्यवर्तियों की नियुक्ति ऐसी शर्तों पर करेगी जैसा कि (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा सरकार के पूर्वानुमोदन से विनिश्चित की जाय।

3.2. अनुमोदित मध्यवर्तियों में से, अनुसूचित बैंक, वित्तीय संस्थान, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फर्म, व्यावसायिक व्यक्ति, डाकखाना, बीमा–विनियमन विकास प्राधिकरण मान्यता प्राप्त बीमा कम्पनी अथवा कोई अन्य व्यक्ति/संस्था, जैसा कि सरकार द्वारा अनुमोदित किये जाय, अधिमानतः (वरीयता से) प्राधिकृत संग्रह केन्द्र हो सकते हैं।

3.3. राज्य में (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) के सभी कार्यालय आवश्यकता के अनुसार स्टाम्प शुल्क का संग्रह करेंगे, जिसके लिए सरकार से पृथक् अनुमोदन आवश्यक नहीं होगा।

3.4. ऐसे सभी प्राधिकृत मध्यवर्ती अपेक्षित कम्प्यूटरीकरण, लेजर प्रिन्टर्स, इन्टरनेट–संयोजन तथा ई–स्टाम्पिंग प्रणाली को क्रियान्वित करने के लिए अन्य नियमित अवस्थापन से सुसज्जित होंगे। ऐसे उपकरण को उपलब्ध कराये जाने का व्यय, सम्बन्धित अनुमोदित मध्यवर्तियों द्वारा वहन किया जायेगा।

3.5. ऐसे सभी अनुमोदित मध्यवर्ती, पहचान संख्या एवं गोपनीय पासवर्ड के प्रयोग द्वारा इन्टरनेट के माध्यम से मुख्य सर्वर से अभिगम स्थापित करेंगे। यह विशिष्ट पहचान संख्या एवं पासवर्ड (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा आवंटित किये जायेंगे। इस पासवर्ड को गोपनीय रखा जायेगा तथा गोपनीयता को कायम रखने के लिए इसके आवंटन के पश्चात् शीघ्र परिवर्तित करने के लिए सम्बन्धित अनुमोदित मध्यवर्ती से अपेक्षा की जायेगी।

3.6. अनुमोदित मध्यवर्ती प्रणाली में सूचना एवं विवरणों की प्रविष्टि करेगा तथा विशिष्ट क्रमांक के साथ स्टाम्प–प्रमाण–पत्र को डाउनलोड करेगा जिसे लेख–पत्र के साथ संलग्न किया जायेगा। स्टाम्प–प्रमाण–पत्र के विवरण ई–स्टाम्पिंग साईट पर उपलब्ध होंगे।

3.7. अनुबन्ध के अन्तर्गत, सेवाओं को उपलब्ध कराने में (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) के परामर्श से राज्य, अनुमोदित मध्यवर्तियों के लिए नियुक्ति एवं अन्य निबंधनों एवं शर्तों से सम्बन्धित नियमों को बना सकता है अथवा दिशा–निर्देशन कर सकता है।

4. शुल्क–

4.1. ..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा उक्त सेवाओं को प्रदान किये जाने हेतु (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) राज्य से ई–स्टाम्पिंग यन्त्रीकरण के माध्यम से संग्रहीत स्टाम्प शुल्क के मूल्य का 0.65 प्रतिशत कमीशन अथवा ऐसा अन्य प्रतिशत लेने के लिए अधिकृत होगी। हालांकि यदि सेवा प्रदाता कम्पनी पर कोई अतिरिक्त कर या शुल्क अधिरोपित किया जाता है तो राज्य सरकार सेवा प्रदाता कम्पनी के कमीशन को संशोधित करने पर तद्नुसार विचार करेगी।

5. राज्य सरकार को संदाय करने की विधि–

5.1. प्रस्तावित ई–स्टाम्पिंग प्रणाली, संग्रह एवं प्रदत्त स्टाम्प शुल्क का अन्तरण, दोनों को अनुज्ञप्त करेगी।

5.2. उक्त प्रेषणों को, रियल टाइम ग्रॉस सैटिलमेन्ट, इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सिस्टम, चालान, बैंक ट्रांसफर अथवा ऐसी अन्य विधि जैसा कि समय–समय पर पक्षकारों द्वारा लिखित रूप में विनिश्चय किया जाय, के माध्यम से सरकार के केवल अभिहित खाता "0030 स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क–02 स्टाम्प न्यायिकेतर" में प्रभावी किया जायेगा।

5.3. (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) उन्हीं धनराशियों को सरकार को संदाय करने के लिए उत्तरदायी होगी, जो केवल या तो ग्राहक के माध्यम से अथवा अनुमोदित मध्यवर्तियों के माध्यम से स्टाम्पों के डाउनलोड से संग्रहीत हैं। ऐसा संदाय, संग्रह के दिन के पश्चात् दो दिन की अवधि के अन्दर सरकार के अभिहित खाता "0030 स्टाम्प एवं निबन्धन शुल्क–02 स्टाम्प न्यायिकेतर" में किया जायेगा।

6. प्रस्तावित प्रणाली–

6.1. प्रवाह–आरेख एवं मुख्य विशेषताओं, संयोजन–प्रकल्पित प्रणालियों के योजनाबद्ध दृष्टिकोण और अन्तिम उपयोक्ताओं द्वारा अनुसरित प्रक्रियाओं एवं भुगतान के प्रमाण का रूपपत्र, ग्राहक/अन्तिम उपयोक्ताओं को निर्गत किये जाने वाला प्रमाण–पत्र, के सहित, इस नियमावली के अनुरूप तैयार किये जाने वाली प्रस्तावित प्रणाली की विस्तृत संरचना "सेवा–स्तर–अनुबन्ध–पत्र" में दी जायेगी। इस "सेवा–स्तर–अनुबन्ध–पत्र" को (..... केन्द्रीय अभिलेख–अनुरक्षण–अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा इन नियमों के प्राविधानों के अनुरूप तैयार किया जायेगा और इस अनुबन्ध–पत्र के निष्पादन के पूर्व सरकार को उसके अनुमोदन एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

6.2. राज्य, महानिरीक्षक, निबन्धन/स्टाम्प आयुक्त, उत्तराखण्ड के कार्यालय व उपमहानिरीक्षक, निबन्धन, सहायक महानिरीक्षक, निबन्धन, उपनिबन्धकों एवं जिला निबन्धकों के कार्यालयों अथवा ऐसे अन्य कार्यालयों में हार्डवेयर साफ्टवेयर एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर को उपलब्ध करायेगा, जिसमें प्रिन्टर, व्यक्तिगत कम्प्यूटर, बारकोड स्कैनर व इन्टरनेट संयोजन आदि, जैसा कि (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाय, शामिल होंगे।

6.3. केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण को ऐसे साफ्टवेयर का प्रयोग करना पड़ेगा, जिससे कि निम्न न्यूनतम विवरण ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र पर प्रदर्शित हों–

(1) प्रमाण–पत्र का विशिष्ट पहचान संख्या, जिससे कि तन्त्र के अस्तित्व में रहने की अवधि में किसी दूसरे प्रमाण–पत्र में इसकी पुनरावृत्ति न हो;

(2) निर्गम की तिथि एवं समय;

(3) प्रमाण–पत्र के माध्यम से प्रदत्त स्टाम्प शुल्क की धनराशि शब्दों एवं अंकों में;

(4) ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्र के क्रेता का नाम;

(5) विलेख के पक्षकारों का नाम;

(6) विलेख का विवरण, जिसपर स्टाम्प शुल्क का संदाय किया जाना आशयित है;

(7) सम्पत्ति (यदि कोई हो), जो विलेख की विषय–वस्तु है, का विवरण;

(8) (केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण अथवा अधिकृत संग्रह केन्द्र की निर्गम–शाखा का कोड, अवस्थिति तथा जनपद);

(9) प्रमाण–पत्र का कोई अन्य विशिष्ट प्रतीक, उदाहरणार्थ बारकोड;

(10) हस्ताक्षर तथा निर्गम–अधिकारी की मुद्रा के लिए स्थान;

(11) किसी ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र के प्रयोग की पुनरावृत्ति को निष्प्रभावी करने के लिए उप निबन्धक को सुविधा की उपलब्धता;

(12) अप्रयुक्त ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र को निरस्त करने की सुविधा;

(13) किसी ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र के अन्वेषण एवं परीक्षण करने तथा प्रबन्धक–सूचना तन्त्र पर अभिगम स्थापित करने के लिए विभाग के अभिहित अधिकारियों को पासवर्ड एवं कूटों (codes) को प्रदान करना;

(14) केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा अनुरक्षित ई–स्टाम्पिंग साईट पर निर्गत ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र के विवरणों को उपलब्ध कराया जायेगा;

(15) नियम 57 में यथावर्णित, ई–स्टाम्पिंग से सम्बन्धित विभिन्न संव्यवहार विवरणों को वेब पर उपलब्ध कराया जायेगा।

7. निबन्धन प्रणाली से अनुरूपता–

7.1. उप निबन्धक, कार्यालय तथा महानिरीक्षक, निबन्धन/स्टाम्प आयुक्त, उप महानिरीक्षक, निबन्धन, सहायक महानिरीक्षक, निबन्धन, उपबिन्धक एवं जिला निबन्धक तथा ऐसे अन्य व्यक्ति, जैसा कि राज्य अधिकृत करे, इण्टरनेट के माध्यम से सेन्ट्रल सर्वर से अभिगम स्थापित करेंगे। ऐसे कार्यालयों द्वारा उचित इण्टरनेट संयोजन स्थापित किया जायेगा।

7.2 राज्य के अधिकृत अधिकारी (जैसा कि ऊपर 7.1 में वर्णित है) ..... (केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम) ..... द्वारा निर्गत यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए इण्टरनेट के माध्यम से ई–स्टाम्पिंग साईट से अभिगम स्थापित करेंगे। प्रक्रिया के लॉगिन के पश्चात् ऐसे अधिकृत अधिकारी, ई–स्टाम्पिंग–साईट से अभिगम स्थापित करके स्टाम्पित–प्रमाण–पत्रों को परीक्षण करने में समर्थ होंगे।

7.3 उप निबन्धकों के कार्यालय अथवा ऐसे अन्य अधिकृत अधिकारी, लेख–पत्रों के प्रस्तुतीकरण के पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि संव्यवहार के लिए निबन्धित होने वाले लेख–पत्रों पर स्टाम्प शुल्क की निर्धारित धनराशि का संदाय कर दिया गया है। उप निबन्धक, निबन्धन के लिए लेख–पत्रों के प्रस्तुतीकरण पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से ई–स्टाम्पिंग साईट में प्रक्रिया प्रारम्भ करके ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र को लॉक करेगा।

8. हार्डवेयर की आवश्यकता–

8.1. ई–स्टाम्पिंग सर्वर के प्रयोग में उपयोक्ता द्वारा समुचित इण्टरनेट संयोजन के साथ (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा विनिर्दिष्ट आवश्यक–संचालन–तन्त्र एवं लेजर प्रिन्टर्स सहित पेन्टियम–4 कम्प्यूटर का प्रयोग किया जाना औचित्य पूर्ण होगा। कम्प्यूटर–सिस्टम का स्वरूप इण्टरनेट संयोजन लेजर–प्रिन्टर्स, बार कोड रीडर्स अथवा कोई अन्य हार्डवेयर के अवस्थापन में (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) के विनिर्देशों की पूर्ति निहित होनी चाहिए और जो बिना अग्रिम सूचना के परिवर्तन के अध्यधीन हो सकती है।

9. सामान्य बाध्यताएं–

9.1. सभी ग्राहकों अथवा अनुमोदित मध्यवर्तियों द्वारा स्टाम्प शुल्कों के लिए किये गये एवं प्राप्त समस्त संदायों को (..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) द्वारा प्रतिदिन अंकित किया जायेगा तथा क्रमशः निम्नलिखित एवं ऐसे अन्य रूप में, जैसा कि राज्य एवं (..... ..... केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण के रूप में नियुक्त कम्पनी का नाम .....) के मध्य पारस्परिक सहमति से सुनिश्चित किया जाय, राज्य को सूचित किया जायेगाः–

(1) सम्प्रेक्षा–अन्वेषण रिपोर्ट्स–किसी विनिर्दिष्ट दिन अथवा अवधि से सम्बन्धित केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण एवं प्राधिकृत संग्रह केन्द्रों की शाखाओं/कार्यालयों के उपयोक्ताओं द्वारा अनुपालित प्रणाली पर आधारित समस्त कार्यवाहियों का पता लगाना;

(2) सरकार को देय से सम्बन्धित रिपोर्ट्स–किसी विनिर्दिष्ट दिन अथवा अवधि से सम्बन्धित केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण एवं प्राधिकृत–संग्रह–केन्द्र की प्रत्येक शाखा/कार्यालय की संग्रह–रिपोर्ट;

(3) अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के प्रमाण–पत्र की रिपोर्ट्स–किसी विनिर्दिष्ट दिन अथवा अवधि से सम्बन्धित केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण एवं प्राधिकृत संग्रह केन्द्रों की समस्त शाखाओं/कार्यालयों अथवा उनमें से किसी के लिए;

(4) लाक्ड ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र की रिपोर्ट–किसी विनिर्दिष्ट दिन अथवा अवधि से सम्बन्धित समस्त उप निबन्धकों अथवा उनमें से किसी के सम्बन्ध में;

(5) प्रेषण–रिपोर्ट–किसी विनिर्दिष्ट दिन अथवा अवधि से सम्बन्धित सरकार के खाता में केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण द्वारा प्रेषित प्रेषणों का जनपदवार विवरण;

(6) निरस्त ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्रों की रिपोर्ट–किसी विशिष्ट या सभी सहायक स्टाम्प आयुक्तों से सम्बन्धित किसी विनिर्दिष्ट दिन या अवधि से सम्बन्धित [नियम 38 के उप नियम (2) में निर्दिष्ट];

(7) प्रमाण–पत्र उत्पादन रिपोर्ट–किसी विनिर्दिष्ट दिन या अवधि के सम्बन्ध में केन्द्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण या प्रधिकृत संग्रह केन्द्रों की किसी/सभी संग्रह शाखाओं/कार्यालयों के लिए उत्पादित ई–स्टाम्प–प्रमाण–पत्र की रिपोर्ट;

